विधान परिषद के द्‍वितीय सत्र, 2023 के प्रथम गुरूवार के लिए निर्धारित श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी, मा0 सदस्य विधान परिषद द्‍वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-15 का उत्तर।

---

| **प्रश्न** | **उत्तर** |
| --- | --- |
| 15(क) क्या दुग्ध विकास मंत्री बतायेंगे कि जनपद-सिद्‍धार्थ नगर में कितने लीटर दूध का उत्पादन प्रतिदिन होता है, तथा प्रतिदिन उत्पादन के सापेक्ष कितने लीटर दूध की प्रतिदिन खपत की जाती है? | जनपद-सिद्‍धार्थनगर में प्रतिदिन अनुमानित दुग्ध उत्पादन 734316 लीटर है तथा इस उत्पादन के सापेक्ष जनपद में लगभग 46 प्रतिशत अर्थात 337785 लीटर दुग्ध की खपत कर ली जाती है। |
| (ख) जनपद-सिद्‍धार्थनगर में कितनी दुग्धशालाएं स्थापित हैं? | वर्तमान में जनपद-सिद्‍धार्थनगर में निजी क्षेत्र की 02 दुग्धशालाएं स्थापित हैं। |
| (ग) क्या केवल कागज में चल रही दुग्धशालाओं की उच्च स्तरीय जाँच कराकर जाँच आख्या सदन की मेज पर रखेंगे? | इस सम्बन्ध में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है, अत: जाँच कराये जाने का प्रश्न नहीं उठता है। |

धर्मपाल सिंह
मंत्री,
दुग्ध विकास विभाग।